Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the alleged statement made by Shri Bhagmant Mann, M.P. in a press conference.

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना): सर, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, क्योंकि यह हम सबके लिए बहुत ही **...** * की बात है । हमारे सदन के एक सदस्य हैं – भगवंत मान जी, जो आम आदमी पार्टी के हैं । वे इस पार्लियामेंट में मेंबर भी हैं । उन्होंने कल प्रेस कॉन्फ्रेस कर सीधा आरोप लगाया । वह बात करनी तो उनको यहां चाहिए थी, क्योंकि वे यहां मेंबर हैं । उन्होंने इस पार्टी पर, जो अपने आपको सबसे बड़ी पार्टी कहती है, उस पर आरोप लगाए हैं । मैंने आज मंत्री जी से भी बात की थी कि अगर उन्होंने यह कहा है कि - 'मुझे खरीदने के लिए यह बोली लगी है और मुझे पैसे के अलावा मिनिस्ट्री भी दी जा रही थी ।' सर, अब सरकार बताए या भगवंत मान जी बताएं कि उनको सरकार ने पैसे कम दिए, इसलिए वह सौदा टूट गया या मान साहब टोटल एक खबर के लिए ऐसा कह रहे हैं?

जब इलेक्शंस शुरू होते हैं तो सबसे बड़ा खेल सियासत का शुरू हो जाता है । सभी अपने-अपने रंग में दिखते हैं । हमारे जैसे पोलिटिकल लोगों के लिए बहुत ही शर्म की बात है कि वह एक एम.पी. होकर ऐसी बात बाहर करे, अगर यह सही बात नहीं है तो सरकार बी.जे.पी. की है, उसे स्पष्ट करना चाहिए । मान साहब पब्लिसिटी के लिए बिल्कुल ही ... *बोल रहे हैं ।